पारदर्शी-सक्रिय मंडल का गठन हम सबकी जिम्मेदारी : प्रज्ञा त्रिपाठी

मंडला, देशबन्धु। संगठन पर्व के तहत संगठन चुनाव की जिला स्तरीय कार्यशाला में जिला चुनाव अधिकारी श्रीमति प्रज्ञा त्रिपाठी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि तनमयता के साथ बूथ के चुनाव जिले में संपन्न हुए हैं भारतीय जनता पार्टी की परंपरा और सिद्वांतों के कारण हम अन्य दलों से अलग अपनी पहचान बनाकर देश के सबसे बड़े राजैनतिक दल के रूप में अपना स्थान बनायें हैं संगठनात्मक कार्यों में प्रदेश में मण्डला का नाम हमेशा टॉप पर आता है इसके पीछे कार्यकर्ताओं की मेहनत उनकी बेहतर क्षमता और टीम का समर्पण होता है संगठन के आने वाले चुनाव में समय देने वाले कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन किया जायेगा साथ ही मण्डल का चुनाव परिवार भाव के साथ आम सहमति व समन्वय के साथ किया जायेगा।

उक्त आशय के उदगार संगठन चुनाव प्रभारी श्रीमति प्रज्ञा त्रिपाठी ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में व्यक्त किया उन्होंने कहा पारदर्शी सक्रिय मजबूत निर्विरोध मण्डल का गठन हम सबकी जिम्मेदारी है मण्डल के अध्यक्षों का निर्वाचन क्षेत्र व जातिगत वर्गीकरण के साथ किसी भी प्रकार का आरोप मुक्त कार्यकर्ता होना आवश्यक है पिछले कार्यकाल में क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं के कार्यों की रिपोर्ट कार्ड की समीक्षा भी होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव के

माध्यम से सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी एवं सर्व समावेशी बनाने का कार्य करते हैं। बूथ अध्यक्षों को पार्टी के द्वारा नयी जिम्मेदारी सौंपी जाएंगी ताकि बूथ पर मजबूती के साथ कार्य हो सके उन्होंने कहा कि मण्डल अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 35 से 45 वर्ष की आयु निर्धारित की गयी हैं वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए 45 से 60 वर्ष की आयु रहेगी साथ ही संगठन में पदाधिकारी के रूप में पिछले 5 वर्षों में किये गये कार्यों का मूल्यांकन भी किया जायेगा । नयी ऊर्जा से भरी टीम मण्डलों का नेतृत्व करेगी।

इस अवसर पर सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि बेहतर समन्वय के साथ नयी ऊर्जा से भरी टीम जिले में बने ताकि संगठन मजबूती के साथ आगे बढ़ सके। उत्साह उमंग और विश्वास के साथ समन्वय बनाकर सभी मण्डलों के अध्यक्षों का निर्वाचन करना है। मण्डल का नेतृत्व करने वाला अध्यक्ष हर परिस्थिति में सक्षम रूप से अपने क्षेत्र में ना केवल राजनैतिक बल्कि सामाजिक कार्यों को भी कर सके। भारतीय जनता पार्टी केवल चुनाव के लिए राजनीति नहीं करती अपितु देश को निरंतर आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रही हैं। हमारा संगठन समय के साथ आधुनिक तकनीति का सहारा लेकर आगे बढ़ रहा है इन नयी तकनीकी का निरंतर हमारे पदाधिकारी और कार्यकर्ता अध्ययन करें और पार्टी को गुणात्मक रूप से अच्छे परिणाम दिलाने में सहायक बनें।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के सामने मण्डला जिले के संगठन में कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ता के सर्मपण के सामने सम्मान बढ़ा है। अब नई टीम का चयन पुरानी टीम को तैयार करके देना है ताकि भारतीय जनता पार्टी का संगठन निरंतर प्रगति की ओर बढ़े क्योंकि भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक लोकतंत्र हमें यह सिखाता है कि निरंतर वरिष्ठों का मार्गदर्शन लेकर नये कार्यकर्ताओं को गढ़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी 17 मंडलों में समन्वय के साथ हम नयी टीम का गठन करेंगे। जिले में अब 2 नये मण्डलों का भी गठन किया जा रहा है जिसमें मण्डला ग्रामीण का विभाजन कर पदमी मण्डल और घुघरी मंडल का विभाजन कर सलवाह मण्डल का गठन किया गया है। नैनपुर ग्रामीण एवं चिरईडोंगरी मंडल के कुछ शक्ति केंद्रों को नैनपुर नगर एवं बम्हनी नगर में समायोजित किया गया है। जिलाध्यक्ष श्री द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी रीति नीति और सिद्वांतों की पार्टी है पार्टी का कार्यकर्ता अपने आप में अद्भुत और अद्वितीय है। विषम परिस्थितियों में भी संगठन के विस्तार में अपना निरंतर योगदान देकर संगठन को आगे बढ़ाने में कार्य कर रहे हैं आगामी संगठन चुनाव शानदार और एकमत के साथ संपन्न हो ऐसी वो अपेक्षा करते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व विधायक डॉ शिवराज शाह, रामप्यारे कुलस्ते, चुनाव सहप्रभारी उमेश ठाकुर, प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रतन ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, महामंत्री भगवती श्रीधर, नीरज मरकाम सहित नगरपालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी, मीना हरदहा, जनपद अध्यक्ष ओमवती उइके, मनीषा मरकाम, आशाराम भारतीया सहित जिले के पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष, मण्डल संगठन पर्व सहयोगी उपस्थित थे।

आर्या ने 755वें इंडिया ओपन राइफल और पिस्टल इवेंट में जीता गोल्ड मैडल

मंडला, देशबन्धु। श्री राम वार्ड निवासी योगेंद्र चैरसिया की पुत्री आर्या चैरसिया ने नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 755 वे इंडिया ओपन कंपीटिशन इन राइफल इन पिस्टल इवेंट्स, जो कि इस वर्ष नवंबर भोपाल में आयोजित हुआ था उसमें मंडला की आर्या ने मध्य प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन की तरफ से खेलते हुए 50 मीटर 3 पोजीशन राइफल महिला और 50 मीटर जूनियर 3 पोजीशन महिला कॉम्पिटिशन में गोल्ड मेडल जीता और प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया। आपको बता दे आर्या अभी मात्र 17 साल की है और इन्होंने इसके पूर्व भी कई राष्ट्रीय और राज्यीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते है । वर्तमान में यह मध्य प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन भोपाल में विगत 2 वर्षों से ट्रेनिंग ले रही है।

सार-समाचार

कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शनिवार को जिला चिकित्सालय मंडला का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अमले को निर्देशित किया कि महिला डॉक्टर्स और स्टॉप की सुरक्षा के लिए आगामी दस दिवस में अलार्म की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला चिकित्सालय में ओपीडी में प्रतिदिन रात्रीकालीन कार्य करने वाले डॉक्टरों की सूची चस्पा करें। उन्होंने चस्पा की जाने वाली सूची में सिविल सर्जन, आरएमओ, अस्पताल प्रबंधक का भी नंबर अंकित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर आकिप खान, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम, सिविल सर्जन विजय धुर्वे, डॉ. प्रवीण उईके सहित संबंधित उपस्थित थे। कलेक्टर सामेश मिश्रा ने आगामी 7 दिवस में मरीजों और उनके परिजनों के लिए रेनबसेरा एवं आलमारी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठंड को देखते हुए चिकित्सालय में परिसर में आलाव की व्यवस्था करें। चिकित्सालय परिसर में आवारा घूमने वाले पशुओं की रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने को निर्देशित किया कि अस्पताल में निराश्रित वृद्धाजनों के लिए समुचित व्यवस्था करें।

कलेक्टर ने सोलह हजार रुपए की सहायता स्वीकृत की

मंडला, देशबन्धु।कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घुघरी के द्वारा आवेदक अजबलाल पिता भागवत प्रसाद ग्राम पलेहरा निवासी पर आकाशीय बिजली गिरने से घायल हो जाने के कारण आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृति के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक आकाशीय बिजली से घायल होने पर सोलह हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन का निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों पर की कार्यवाही

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विनोद मरावी मुख्य कार्यपालन अधिकारी मंडला पर पांच हजार रूपए, भागचंद टिमहरिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मवई और गौरीशंकर डेहरिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी नारायणगंज पर पांच-पांच सौ रूपए, श्री शंकरलाल मरावी तहसीलदार निवास, श्री मुकेश पटेल उपवनमंडल अधिकारी, श्री अनंत कुमार पटले कनिष्ठ अभियंता, श्रीमती मीना पटेल मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत बम्हनी, संजय सहलाम जेल अधीक्षक पर पांच-पांच सौ रूपए का जुर्माना अधिरोपित करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक उक्त अधिकारियों के विरूद्ध यह कार्यवाही सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों में लापरवाही बरतने के कारण किया गया है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया था कि सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करें। इसके बावजूद भी उक्त अधिकारियों के द्वारा सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण व अटेंड नहीं किया गया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने उक्त अधिकारियों की इस प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उनके विरूद्ध जुर्माना की कार्यवाही की है।

चैकिंग के दौरान अवैध मादक पदार्थ गांजा पुलिस ने किया जब्त

मंडला, देशबन्धु। अंजनिया पुलिस टीम द्वारा 29 नवम्बर 2024 को ग्राम अंजनिया नेशनल हाईवे 30 महिष्मति ढाबा के पास मांद-अहमदपुर चैराहे में वाहनो की चैकिंग व मोटर व्हीकल एक्ट की चालानी कार्यवाही की के दौरान ग्राम अहमदपुर-वंजी में एक व्यक्ति द्वारा मादक पदार्थ गांजा लेकर जाता मिला। वैधानिक कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 01 किलो 473 ग्राम गांजा कीमती 15000/-रू. जब्त किया गया। उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम खेमराज भांवरे पिता राजकुमार भांवरे उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम करियागांव चैंकी अंजनिया थाना बम्हनी का होना बताया। आरोपी द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा कब्जे में रखा पाये जाने पर समक्ष गवाहान जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक-564/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप पाण्डेय थाना बम्हनी के निर्देशन पर चैकी प्रभारी अंजनिया उनि. लाखन सिंह राजपूत, सउनि. अशोक चैधरी, आर. कीर्ति कुमार, विलेन्द्र नायक, सुनील सिंह, अंचल बघेल द्वारा की गई है।

महात्मा गांधी स्टेडियम में समाजसेवी, जनप्रनिधि, पत्रकारों सहित कलेक्टर ने की साफ-सफाई

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंडला शहर को साफ व स्वच्छ रखने के लिए नमामि नर्मदे सेवा अभियान के तहत शनिवार को सुबह महात्मा गांधी स्टेडियम नगरपालिका मंडला में साफ सफाई कर श्रमदान किया। जिला प्रशासन के द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान में जिले के सभी अधिकारी कर्मचारी, समाजसेवी व्यापारी स्वयंसेवी संस्थाएं जनप्रतिनिधि, पत्रकार और नागरिकगण शामिल हुए। सभी ने स्टेडियम में श्रमदान करते हुए कूड़ा करकट उठाए और साफ सफाई की। कलेक्टर सोमेश मिश्रा नमामि नर्मदे सेवा अभियान के तहत प्रत्येक शनिवार को विभागीय अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि, समाजसेवियों और नागरिकों के साथ मिलकर मंडला शहर के प्रमुख स्थानों और नर्मदा नदी के घाटों की साफ सफाई कर रहे हैं।

इस दौरान कचरा एकत्रित कर कचरे को अन्यत्र ले जाकर नष्ट किया जाता है। लोगों को समझाइश दी जाती है कि अपने शहर और नर्मदा नदी के तटों को साफ सुथरा रखें। किसी भी प्रकार की गंदगी न करें। इस अवसर पर नगर पालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम घुघरी श्री सीएल वर्मा, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, पत्रकारों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी स्टेडियम की साफ सफाई की। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि आज स्टेडियम की साफ-सफाई की जा रही है। मैदान का समतलीकरण किया जा रहा है, जिससे खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सके। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि शहर में स्वच्छता बनाए रखें। अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखें।

पुलिस उप महानिरीक्षक मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने किया जिले का वार्षिक निरीक्षण, दिए महत्वपूर्ण निर्देश

मंडला, देशबन्धु। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अधीनस्थ जिलों का भ्रमण कर वार्षिक निरीक्षण किया जाता है जिसके तारतम्य में दिनांक 29 एवं 30/11/2024 को वार्षिक निरीक्षण पुलिस उप महानिरीक्षक, बालाघाट रेंज बालाघाट मुकेश कुमार श्रीवास्तव (भापुसे) द्वारा किया गया।

वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया गया व अपराधों की समीक्षा कर, कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारियों के संधारण पंजियों की जांच कर उनसे अपने कर्तव्यों से जुड़े प्रश्न किये गये जिनके संतोषजनक उत्तर मिलने पर प्रोत्साहित करते हुये अपनी सर्वोच्च कार्यकुशलता का परिचय देकर निष्ठा से कार्य करने हेतु उचित दिशानिर्देश भी दिये गये। कार्यालय के निरीक्षण के पश्चात लाईन परिसर, पुलिस वेलफेयर कैंटीन, ड्रोन संचालन एवं पुलिस लाईन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर जिला के अलग-अलग थानों में पहुँचकर थाना का निरीक्षण कर अपराध निकाल, थाना एवं परिसर की साफ सफाई, रिकार्ड के संधारण व व्यवस्थित रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। आज दिनाँक को पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड पर परेड का निरीक्षण व क्राईम सीन में सर्च करने वाले डॉग की डॉग हैंडलर द्वारा कराई गयी ड्रिल का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाईन परिसर में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी हेतु पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की

समस्या व सुझावों को सुना गया व समस्याओं के त्वरित निराकरण करते हुए संबंधित शाखा प्रभारी को निर्देशित किया गया। साथ ही उप महानिरीक्षक द्वारा ''स्वस्थ दिनचर्या, विभिन्न सायबर अपराधों के प्रति स्वयं व जनसामान्य में जागरूकता एवं पुलिस की समाज में उत्कृष्ट छबि'' हेतु प्रोत्साहित किया गया। डीआईजी ने पुलिसकर्मियों से नए कानूनों की जानकारी रखने और डिजिटल अरेस्ट के मामलों में सतर्क रहने की बात कही।

उन्होंने पुलिसकर्मियों को आम जनता को भी इस विषय में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस लाईन स्थित सभागार भवन में समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों के साथ पुलिस बैठक आयोजित की गई जहां पर सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया जाकर शीघ्रता से अपराधों शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा रक्षित केन्द्र मंडला के पुलिस परेड ग्राउण्ड पर जिले के पुलिस बल द्वारा की गई उन्नत परेड एवं पुलिस बैंण्ड द्वारा दी गई प्रस्तुति की प्रशंसा की गई। वाहनों के निरीक्षण के दौरान समस्त चालकों को उनके द्वारा किये जा रहे वाहनों के उचित रखरखाव हेतु प्रशंसा करते हुए उचित इनाम दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी कार्यालय, थाना बिछिया, थाना कोतवाली आदि का भी भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी प्रकार रक्षित केन्द्र मंडला में संचालित दिशा-लर्निंग सेंटर का निरीक्षण किया एवं अध्ययनरत् प्रतिभागियों से परीक्षा की तैयारी में सहायक लर्निंग सेंटर की उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी।

वार्षिक निरीक्षण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ अमित वर्मा, सभी अनुविभाग के पुलिस अधिकारी, समस्त थाना एवं चैकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी, सूबेदार एवं थानों से आए पुलिस बल सहित पुलिस लाईन व कार्यालय का बल मौजूद रहा।

लूट करने वालों को पांच-पांच साल का कठोर कारावास

मंडला, देशबन्धु। माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय जिला मण्डला द्वारा आरोपीगण (1) अनीश उर्फ सिलेण्डर पिता शिवबालक उर्फ गुलजारीलाल उम्र 22 वर्ष निवासी कंजर बस्ती ग्राम साजगढ़ जिला मिर्जापुर (उ.प्र.) (2) साहिल उर्फ अन्नु कुमार पिता अवधेश यादव उम्र 24 वर्ष निवासी नयाटोला थाना कोढ़ा जिला करिहार बिहार (3) सन्नी उर्फ अमन कुमार पिता जगमोहन यादव उम्र 22 वर्ष जोराबगज थाना कोड़ा जिला करिहार विहार को धारा 392/34 भादवि में 05-05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 3000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन कहानी इस प्रकार है कि फरियादी ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके ज्येष्ठ पुत्र क्षितिज मरावी का विवाह दिनांक 01.06.2023 को था, इसलिए वह दिनांक 31. 05.2023 को अपनी कार से ड्रायवर सुनील साहू के साथ स्टेट बैंक मेन ब्रांच मण्डला पैसे निकालने गया था, स्टेट बैंक मेन ब्रांच मण्डला से लगभग 11 बजे से 12 बजे के मध्य उसने 6 लाख रूपये निकाला और पोस्ट ऑफिस मण्डला जाकर पोस्ट ऑफिस की पासबुक एक भूरे रंग के कैरी बैग में भरकर रखा था, फिर वह अपनी कार से ड्रायवर सुनील के साथ अपने साथ अपने घर वापस आनंद कालोनी चूना भट्टा लगभग 12.55 बजे पहुंचा और कार को ड्रायवर सुनील ने घर के पास गुड्डू सिंगौर की किराना दुकान के सामने खड़ा किया था।

वह कार से उतरकर पैसो से भरा थैला निकाला और अपने घर की ओर जा रहा था कि तभी एक मोटसायकिल में दो व्यक्ति सवार होकर उसके सामने तरफ से आये और उसे रोककर मोटसायकिल में दो व्यक्ति ने उसके हाथ में रखे पैसे से भरे थैले को छीनने लगे, वह थैले को बचाने की कोशिश करने लगा तो थैला का उपरी हिस्सा उसके हाथ में रह गया और रूपये से भरा थैला उससे लूटकर मोटरसायकिल में बैठे दोनो व्यक्ति सन्याल स्कूल की ओर तेजी से भाग गये। वह चिल्लाया तो उसका ड्रायवर सुनील साहू भी उनके पीछे चिल्लाते हुए उन्हें पकड़ने के लिए दौड़ा तब तक वह दोनो व्यक्ति भाग चुके थे। उसने मोटरसायकिल चालक तथा पीछे बैठे लड़के को देखा था जो सामान्य उंचाई एवं कदकाठी का है, पीछे बैठा व्यक्ति का रंग काला सांवला सा है और उसके बाल हल्के घुघराले है। वह दोनो व्यक्तियों को सामने आने पर पहचान सकता है। उक्त घटना की रिपोर्ट के आधार पर संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साध्य एवं तर्क से सहमत होते हुये विचारण उपरांत माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय जिला मण्डला द्वारा आरोपीगण (1) अनीश उर्फ सिलेण्डर पिता शिवबालक उर्फ गुलजारीलाल उम्र 22 वर्ष निवासी कंजर बस्ती ग्राम साजगढ़ जिला मिर्जापुर (उ.प्र.) (2) साहिल उर्फ अन्नु कुमार पिता अवधेश यादव उम्र 24 वर्ष निवासी नयाटोला थाना कोढ़ा जिला करिहार बिहार (3) सन्नी उर्फ अमन कुमार पिता जगमोहन यादव उम्र 22 वर्ष नयाटोला, जोराबगज, थाना कोढ़ा करिहार बिहार को दोषी पाते हुये उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। शासन की ओर से प्रकरण में अभियोजन संबालन सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री रमेशचन्द्र मिश्रा के द्वारा की गई है।

उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में कानूनी जागरूकता कार्यशाला आयोजित

मंडला, देशबन्धु। प्रशासक वन स्टॉप सेंटर मंडला ने बताया कि शुक्रवार को शा.उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला में जिला प्रशासन की मंशा के अनुसार महिला एवं बाल विकास एवं पुलिस विभाग, जनसम्पर्क विभाग व उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कानूनी जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें शैक्षणिक संस्थान में घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, पॉक्सो (यौन अपराध से बच्चों का निवारण) अधिनियम 2012, भारतीय न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत विशेष अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यशाला अंतर्गत छात्र/छात्राओं एवं उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशासक वन स्टॉप सेंटर मधुलिका उपाध्याय द्वारा जानकारी दी। साथ ही ऑडियो/वीडियो के तहत संक्षिप्त फिल्म बदलता परिवेश और आत्मबोध दिखाई। जिसका छात्र/छात्राओं एवं उपस्थित प्रतिभागियों का आनंद लिया और क्या सीख मिली यह भी बताया।

एसडीएम मंडला ने बिना परमिट संचालित बसों को जब्त कर यातायात थाना के सुपुर्द किया

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में मंडला जिले में संचालित बसों की कागजातों, सर्टिफिकेट संबंधित अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जिसके तहत जिले में बिना परमिट बस संचालित करने वाले वाहन संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की गई है। कलेक्टर श्री मिश्रा के जारी निर्देशों के तहत जिले में वाहनों की सघन चैकिंग की जा रही है, जिससे जिले में परमिटयुक्त बस संचालित रहें। एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम ने उक्त निर्देशों के तहत कार्यवाही करते हुए बस स्टेंड मंडला में बिना परमिट संचालित बसों को जप्त कर यातायात थाना मंडला के सुपुर्द किया है। शासन के नियमों के तहत उक्त वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक और गजरथ फेरी

पिण्डरई/मंडला, देशबन्धु । व्रतीनगरी पिण्डरई में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं नवाचार्य 108 श्री समय सागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पंचम निर्यापक श्रमन मुनि 108 समता सागर जी महाराज के सानिध्य में श्री बडे बाबा नवीन जिनालय का पंचकल्याणक एवं गजरथ फेरी सम्पन्न हुई। इस अवसर पर आर्यिका रत्न नगर गौरव 105 श्री चिंतनमती माताजी एवं 105 श्री सिद्धांत मति माताजी के संसघ सानिध्य में कार्यक्रम में प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी श्री विनय भैया वनडा वालों के निर्देशन में ब्रह्मचारी अनूप भैया, रिंकू भैय्या, शैलेश भैय्या, सौरभ भैया, आदि भैया के साथ आयोजन हर्षौल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रातः सुबह साढ़े छः बजे श्री 1008 आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक संपन्न हुआ तत्पश्चात भगवान का

महामस्तिकाभिषेक, शांति धारा, आरती, देव शास्त्र गुरु पूजन एवं भगवान का मोक्ष कल्याणक पूजा संपन्न होने के बाद हवन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दोपहर 2 बजे से गजरथ फेरी के कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें गजरथ की सात फेरी पंडाल मै लगाई गई।

इस अवसर पर जबलपुर, सिवनी, नैनपुर, घंसौर, मंडला, ग्वालियर, इंदौर, बालाघाट, केवलारी, लखनादौन, धूमा, गोंदिया,दमोह, भोमा, कान्हीवाड़ा, वारासिवनी, मुंबई, नागपुर आदि स्थानों से हज़ारों की संख्या मै जन समुदाय एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों की जनता गजरथ फेरी कार्यक्रम? मै उपस्थित रही। मंच संचालन सकल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष चौधरी कैलाश जैन एवं श्री पदम भूषण जैन ने किया। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज, श्री विद्यासागर नवयुवक कमेटी एवं महिला मंडल कमेटी के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। पंचकल्याणक में भगवान के ज्ञान कल्याण के दिन बिछिया विधायक श्री नारायण पट्टा, निवास विधायक श्री चैन सिंह बड़कड़े, जिला कांग्रेस अध्यक्ष तिवारी जी, निवास पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले जी एवं पिंडरई नगर सरपंच श्री संदीप मरकाम उप सरपंच श्री जितेंद्र सिंह राजपूत, गजरथ स्थल भूमि प्रदाता रामगोपाल जायसवाल आदि नागरिकों का सम्मान किया।